**बिहार सरकार**
**भवन निर्माण विभाग**

पत्रांक–डी0डी0–2–विविध–376 / 2023–24(पार्ट–I) ..........6720(अ) पटना, दिनांक–.........21/8/23

प्रेषक,

राकेश कुमार,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
सभी भवन प्रमंडल (पाटलिपुत्रा एवं गर्दनीबाग को छोड़कर),
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

विषयः– सरकारी भवनों को दिव्यांगजनों के लिए सुगम बनाने हेतु प्रस्ताव भेजने के संबंध में।

प्रसंगः– निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार, पटना का ज्ञापांक–943, पटना, दिनांक–16.08.2023

महाशय,

दिनांक–08.08.2023 को निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सिपडा योजना के अन्तर्गत दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बाधामुक्त परिसर निर्माण के संबंध में हुई बैठक की कार्यवाही की छायाप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि ऐसे भवन जिसमें दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध नहीं है, वैसे भवनों में दिव्यांगजन के लिए दिये जाने वाले सुविधा यथा–पीली पट्टी, **Handrails for toilets and stairs, Ramp, lift** इत्यादि का प्रावधान करते हुए प्राक्कलन अधीक्षण अभियंता के माध्यम से संबंधित मुख्य अभियंता को शीघ्र उपलब्ध कराया जाय।

अनु0ः–यथोक्त।

विश्वासभाजन
18/8/23
(राकेश कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–.............6720 (अ) पटना, दिनांक–.................21/8/23

प्रतिलिपिः–सभी मुख्य अभियंता (विद्युत सहित) / सभी अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/8/23
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 6720(अ) दिनांक–.............21/8/23

प्रतिलिपिः–आई.टी. मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/8/23
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

दिनांक-08.08.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन में निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय के कार्यालय कक्ष में सिपडा योजना के अंतर्गत दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बाधामुक्त परिसर निर्माण हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने, आवंटित राशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र तथा कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु आहुत बैठक की कार्यवाही :-

---

उपस्थिति :- संचिका में संधारित ।

| क्र० | विभाग | कार्य एजेंडा | पदाधिकारी की उपस्थिति | निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय द्वारा कार्यान्वयन हेतु निदेश |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परिवहन विभाग, बिहार, पटना । | वित्तीय वर्ष 2018-19 में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए स्कीम (सिपडा) के अंतर्गत दिव्यांगजनों के सहायतार्थ 20 दिव्यांगजन अनुकूल बस क्रय तथा राज्य के 17 बस स्टैण्ड को दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाये जाने हेतु कुल रू०-9,70,00,000/- का आवंटन दिया गया है।<br>कार्य की प्रगति तथा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बाधामुक्त परिसर निर्माण हेतु प्रस्ताव के साथ । | परिवहन विभाग से कोई भी पदाधिकारी उपस्थित नही थे जिसके कारण उस विभाग से संबंधित एजेंडा पर समीक्षा नहीं हो सकी । | |
| 2 | भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना । | वित्तीय वर्ष 2018-19 में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए स्कीम (सिपडा) के अंतर्गत भारत सरकार से विमुक्त राशि के आलोक में बाधामुक्त 03 परिसर के निर्माण हेतु रू०-29,21,000/- राशि भवन निर्माण विभाग को विमुक्त की गयी थी। जिसके आलोक में UC/प्रत्यार्पण रू० 15,11,536/- का प्राप्त है । शेष रू० 14,09,464/- राशि का UC अप्राप्त है।<br>शेष UC का समायोजन, कार्य की प्रगति तथा सरकारी भवनों में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बाधामुक्त परिसर निर्माण हेतु प्रस्ताव के साथ । | श्री गुंजन कुमार, उप निदेशक-1 | 1. भवन निर्माण विभाग के अधिकारी द्वारा शेष राशि के संबंध में त्रुटि की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। इस संबंध में निदेशक महोदय द्वारा श्री नबी प्रभारी सहायक को भवन निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर त्रुटि का निराकरण करने का आदेश दिया गया ।<br>2. सरकारी भवनों को दिव्यांगजनों के लिए सुगम बनाने हेतु प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया ।<br>3. Accessable India Compaign के तहत |

17/8/23

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | प्रशिक्षण करवाने हेतु तीन अभियंताओं को नामित करते हुए प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया । 4. वर्तमान में बन रहे तथा भविष्य में बन रहे सभी भवनों को सुगम्य भारत अभियान के तहत सभी दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल बनाने का अनुरोध किया गया । |
| 3 | बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, बिहार, पटना । | वित्तीय वर्ष 2018-19 में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए स्कीम (सिपडा) के कार्यान्वयन हेतु कुल रू०-8,95,93,500/- आवंटित की गयी थी जिसके आलोक में सभी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त है। बिहार राज्य के अन्य सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बाधामुक्त परिसर निर्माण हेतु प्रस्ताव के साथ । | बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड का कोई पदाधिकारी उपस्थित नहीं थे, जिसके कारण उस विभाग से संबंधित एजेंडा पर समीक्षा नहीं किया जा सका। | |
| 4 | बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोशन लिमिटेड, बिहार, पटना । | बिहार राज्य के सभी सरकारी चिकित्सालयों को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बाधामुक्त परिसर निर्माण हेतु प्रस्ताव के साथ । | श्री रामा शंकर प्रसाद, उप महाप्रबंधक (मु०), बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोशन लिमिटेड, बिहार, पटना । | बिहार राज्य के कुछ सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों को सुगम्य भारत अभियान के तहत बाधामुक्त परिसर निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने हेतु अनुरोध किया गया । |

(कौशल किशोर)
निदेशक,
दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय,
बिहार, पटना ।

ज्ञापांक-01/दि०स०नि०-SIPDA-01/2022 स.क. 993 पटना, दिनांक- 16/08/2023

प्रतिलिपि:-अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना / सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना / सचिव, परिवहन विभाग, बिहार, पटना / सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोशन लिमिटेड, बिहार, पटना / श्री गुंजन कुमार, उप निदेशक-1, भवन निर्माण विभाग एवं श्री रामा शंकर प्रसाद, उप महाप्रबंधक (मु०), बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोशन लिमिटेड, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

16/8

निदेशक,
दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय,
बिहार, पटना ।